# कार्यालय, नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला जी.ई.रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023
फोन नं. 0788.2350125, ई–मेल–Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्र./एफ/3603/कम्प्यू./2025 भिलाई, दिनांक 10/06/25

प्रति,

1. जोन आयुक्त जोन क्र. 1,2,3,4,5
2. सर्व कार्यपालन अभियंता
3. सर्व विभाग प्रमुख..........................................................

(केन्द्रीय कोष्ठागार, स्वास्थ्य विभाग, जलकार्य,
वाहन शाखा, स्टेशनरी विभाग, उद्यान, कम्प्यूटर, परियोजना)
नगर पालिक निगम भिलाई

**विषय :–** ऑनलाईन जेम पोर्टल की वेबसाईट में सामग्री प्राप्ति (CRAC) प्रक्रिया के संबंध में।

**संदर्भ :–** 1. क्र./जि.व्या.उ.के. दुर्ग/सामा./2025/4848 दुर्ग दिनांक 03/06/2025।
2.सीएसआईडीसी रायपुर का पत्र क्र. सीएसआईडीसी/एमकेडी/समन्वय/2025–26/1698 रायपुर दिनांक 28.05.2025

––00––

संदर्भित विषयांतर्गत लेख है, कि नगर पालिक निगम भिलाई के विभिन्न जोन/विभागों में जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय की कार्यवाही की जा रही है। प्रायः देखा जा रहा है, कि जेम पोर्टल वेबसाईट से केवल सामग्री क्रय हेतु ऑनलाईन कार्यादेश प्राप्त किया जाता है तथा कार्यादेश पश्चात सामग्री प्राप्ति (CRAC) रिसिप्ट एवं बिल भुगतान की जानकारी जेम पोर्टल के वेबसाईट पर अपलोड नही किया जाता है। जिससे जेम पोर्टल पर सामग्री क्रय की प्रक्रिया अपूर्ण रहती है। दिनांक 06/06/2025 को ऑनलाईन प्रशिक्षण (वीसी के माध्यम से) एवं दुर्ग सभागार लोकनिर्माण विभाग दुर्ग कार्यालय में जेम पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया था। जिसमें जेम पोर्टल पर समस्त सामग्री क्रय की संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण किये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये है। लेखा शाखा भुगतान संबंधी जानकारी जैसे भुगतान का माध्यम NEFT/RTGS, ट्रांजेक्शन नंबर, भुगतान दिनांक आदि की जानकारी जेम संबंधी नस्तियों में अवश्य रूप से उपलब्ध करावेंगे।

अतः सर्व संबंधित अपनी जेम आईडी से लॉगिन कर उपरोक्तानुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करेंगें। प्रक्रिया अपूर्ण की दशा में संबंधित जोन/विभाग प्रमुख ही जिम्मेदार होंगे।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ/3604/कम्प्यू./2025 भिलाई, दिनांक 10/06/25

**प्रतिलिपि :–**

1. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता 1/2/3, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
4. लेखाधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**कायालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, दुर्ग**
E-Mail:- dtic-durg.cg@gov.in & dticdurg@gmail.com

क्र. / जि.व्या.उ.के.दुर्ग / सामा. / 2025 / 4848 दुर्ग दिनांक 3/6/2025

प्रति,

सर्व विभाग प्रमुख
जिला– दुर्ग (छ.ग.)

विषयः– भारत सरकार के ऑनलाईन जेम (GeM – Government e-Marketplace) पोर्टल प्रशिक्षण के संबंध में ।

संदर्भः– सीएसआईडीसी रायपुर का पत्र क्र. सीएसआईडीसी / एमकेडी / समन्वय / 2025–26 / 1698 रायपुर दिनांक 28.05.2025

––00––

उपरोक्त संदर्भित विषयांतर्गत निवेदन है कि निदेशक भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, ई–मार्केट प्लेस, नई दिल्ली के अर्द्धशासकीय पत्र दिनांक 09.05.2025 के परिपालन में एवं छत्तीसगढ़ भण्डार क्रय नियम 2002 (यथा संशोधित) के नियम–3 के उपनियम – 3.1.1 के अधीन राज्य शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम (GeM – Government e-Marketplace) पोर्टल से किया जाना आवश्यक है । इसी परिप्रेक्ष्य में राज्य के संभागीय स्तर पर दुर्ग संभाग हेतु निर्धारित तिथि 05.06.2025 से 06.06.2025 को (GeM – Government e-Marketplace) पोर्टल प्रक्रिया के संबंध में 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सभागार, लोक निर्माण विभाग, दुर्ग में प्रातः 11:00 बजे से आयोजित है ।

कृपया उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्यतः उपस्थित होने का कष्ट करें ।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

मुख्य महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
दुर्ग (छ.ग.)

पृ.क्र. / जि.व्या.उ.के.दुर्ग / सामा. / 2025 / दुर्ग दिनांक

प्रतिलिपि :–

1. संचालक उद्योग, उद्योग संचालनाय, उद्योग भवन, रिंग रोड नं. 01, तेलीबांधा, रायपुर की ओर सूचनार्थ ।
2. स्टेनो–टू कलेक्टर, जिला – दुर्ग (छ.ग.) की ओर सूचनार्थ ।

मुख्य महाप्रबंधक
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
दुर्ग (छ.ग.)

D/L.sahu sir-/ samany/gem 292

*Forwarded many times*

Get more info about this message. Search on web

**Meet virtually with Cisco Webex. Anytime, anywhere, on any device.**

Simple, modern video meetings for everyone on the world's most popular and trusted collaboration platform.

gem-vc.webex.com

Respected Sir,

An online GeM Training and Q&A session being organized by GeM team for all CG state buyers from 02-June-25 to 02-July-25 (Monday to Friday 03:00 PM - 05:00 PM)

**Daily GEM Training and Q&A Session**

Hosted by GeM VC Administrator
https://gem-vc.webex.com/gem-vc/j.php?MTID=m9e31f11f15cd76a0b3854e331e5253bd

It is requested to kindly circulate the VC link to all concerned departments / officials for maximum participation.

Regards,
GeM Team

4:48 pm